07अप्रैल 2021

प्रेस विज्ञप्ति

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रक्त दान शिविर का आयोजन गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक मे किया गया। इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने कहा-

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया । सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःखभाग् भवेत्।।

प्रतिवर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन के जन्मदिवस के रूप में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस बनाया जाता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मनाए जाने वाले दिनों में यह एक महत्वपूर्ण दिन है। कोरोना महामारी ने वैसे ही विश्व की प्रगति में विघ्न उत्पन्न किये हैं, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन हरसमय प्रयास कर रहा है कि विश्वभर में स्वास्थ्य सेवाएं किस तरह बेहतर रहे और संतुलन बना रहे।

साल 1948 में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की गई थी, जबकि इस दिवस को मनाने की शुरुआत साल 1950 में ही विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा की गई थी। तभी से संपूर्ण विश्व में इसे विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के सारे उद्देश्य विश्व की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं से ही जुड़े हुए हैं। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में एक समान स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के प्रति जागरूकता फैलाना, स्वास्थ्य संबंधी मामलों से जुड़े सभी मिथकों को दूर करना और वैश्विक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर विचार करना और आगे बढ़कर उनपर काम करना है।

डॉ अग्रवाल ने आगे बताया की रक्तदान भी एक बेहतर बिकल्प है स्वास्थ्य रहने के लिए प्रत्येक तीन माह के अंतराल पर किया गया रक्तदान रक्तदाता को कई बीमारियों से बचाता है जैसे, ह्रदय घात,पक्षाघात, ब्लड प्रेसर, कैंसर इत्यादि, साथ ही साथ ब्लड से बहुत सारे जाँच हो जाते है जैसे हेपेटाइटिस, एड्स,हेपेटाइटिस C, मलेरिया, सिफिलिस इत्यादि।इसके अतिरिक्त सबसे महत्वपूर्ण बात है की आपके इस दान से चार-चार रोगियो के प्राणों की रक्षा भी होती है।चिकित्सा के रक्ताधान क्षेत्र में यह पाया गया है की रक्त की भारी कमी से मनुष्य जूझ रहा है।एक आंकड़े के अनुसार पुरे विश्व में लगभग एक करोड़ 50 लाख यूनिट रक्त की आवस्यकता होती है परंतु आपूर्ति के नाम पर केवल 75 से 80 लाख यूनिट ही रक्त उपलब्ध हो पाता है , जिसके कारण बहुत सारे रोगी अकारन काल के गाल में समा जाते है।

आइये आज हम यह संकल्प ले की यदि हर तिन या छः माह बाद किसी कारन बस रक्तदान नहीं कर सकते तो बर्ष में एक बार 7 अप्रैल विश्व स्वस्थ्य दिवस के दिन रक्तदान करके मानवता के क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान कर सकते है।

"हेल्थ को दे पहला स्थान

तभी होगा बीमारियो का निदान"

आइये इस सूत्र को सिद्ध करने में सहयोग करे।

आज इस अवसर पर श्री कृष्णा प्रताप,योगेश सिंह,अभिजीत यादव,विकास सिन्हा,अमरजीत इत्यादि ने रक्तदान किया।

सभी रक्तदाताओ को ब्लड बैंक द्वारा सम्मान स्वरुप प्रशस्ति पत्र,की रिंग,कॉफी मग,आदि दिया गया।वैश्विक महामारी कोविड को ध्यान में रखते कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंस,हैण्ड सैनीटाईजशन तथा मास्क इत्यादि के साथ रक्तदाताओ का चिकित्सीय परिक्षण,हीमोग्लोबिन, बी.पी.,पल्स ,ब्लड ग्रुप इत्यादि जाँच की गई।